प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-78**

07/02/2018

मुख्यमंत्री ने गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल एवं नवादा जिला की समीक्षा बैठक की

पटना 07 फरवरी, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गया अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के सभागार में गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल एवं नवादा जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक में गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल एवं नवादा जिले में सात निश्चय एवं अन्य विकासात्मक कार्यों की जिलावार अद्यतन रिपोर्ट एवं उनमें आ रही कठिनाइयों को दूर करने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से अब तक की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को पूरा करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक में सात निश्चय योजनान्तर्गत चल रहे युवाओं के लिये कार्यक्रम स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता पाने वाले युवाओं में रोजगार की स्थिति, कौशल विकास कार्यक्रम पर चर्चा की गयी।

बैठक में हर घर बिजली का कनेक्शन, हर घर तक पक्की गली–नाली, हर घर नल का जल, शौचालय निर्माण की समीक्षा की गयी। इसमें संबंधित विभाग के प्रधान सचिव/सचिव और जिलों के जिलाधिकारियों ने स्थितियों से विकास योजनाओं के संबंध में प्राप्त उपलब्धियों एवं लक्ष्य को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

बैठक में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण के लिये भूमि की उपलब्धता पर चर्चा की गयी। जिलों में धान के उत्पादन एवं अब तक की गयी अधिप्राप्ति एवं धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गयी।

बैठक में क्षेत्र के विधायकों, विधान पार्षदों, नगर निगम की मेयर, जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि संबंधी, सड़क निर्माण, पुल–पुलियों का निर्माण, सिंचाई, कृषि जैसे अन्य कई क्षेत्रों से जुड़ी समस्यायें एवं शिकायतें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गयी। समस्याओं के समाधान के लिये मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंद प्रसाद वर्मा, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री हरि मॉझी, सांसद श्री अरूण कुमार, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज श्री अरविंद चौधरी, सचिव ग्रामीण कार्य एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मगध प्रमण्डल के आयुक्त श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस महानिरीक्षक श्री नैयर हसनैन खान, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मगध प्रमण्डल के सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

******